दैनिक भास्कर 11/09/2024

जीएमएन कॉलेज में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम किया

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में हिंदी दिवस पर राजकीय उच्च स्कूल उगाडा में सूचनात्मक सत्र का आयोजन किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता ने कहा कि हिंदी सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ विश्व की संभवतः वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। ये विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु है। डॉ. राजेंद्र देशवाल ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा के रूप में न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक और परियक भी है।